# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मार्च 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# पी.एम.आवास के आवेदन पत्र विक्रय एवं जमा करने की तिथि बढ़ी

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत किरायेदारी में निवासरत परिवारो के लिए तृतीय चरण में सूर्या विहार के पीछे वार्ड क्रं. 01 खम्हरिया में कृष्णा इंजीनियरिंग काॅलेज के पीछे , एनार स्टेट एवं माईल स्टोन स्कूल के पीछे में निर्मित आवास आबंटन के लिए उपलब्ध है जिसके आबंटन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 29 फरवरी तक जमा करना निर्धारित किया गया था। उस तिथि में वृद्वि करते हुए 5 मार्च तक आवेदन पत्र विक्रय करने एवं 7 मार्च तक आवेदन पत्र जमा किया जायेगा। भिलाई निगम के विभिन्न स्थलो में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो के आबंटन के लिए निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक-16 योजना शाखा के काउन्टर में कार्यालयीन दिवस में प्रतिदिन शाम 4 बजे तक नागरिक अपने आधार कार्ड की छायाप्रति प्रति के साथ 100 रूपये का नगद भुगतान कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है और आवेदन जमा भी कर सकते है।




नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम कार्यालय में संभागायुक्त का औचक निरीक्षण

भिलाईनगर। संभागायुक्त ने निगम भिलाई के विभागीय कार्यो का औचक निरीक्षण कर जन सामान्य के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने , अपने कार्य के लिए आने वाले नागरिको से उत्तम व्यवहार रखने की सलाह अधिकारी कर्मचारी को दिए ।

निगम मुख्य कार्यालय सुपेला मे शुक्रवार को प्रातः 11ः30 बजे संभागायुक्त एस.एन. राठौर पहुॅचे और आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के साथ विभागो का निरीक्षण किये। उन्होने भवन अनुज्ञा शाखा में पहुॅचकर भवन अधिकारी से नियमितीकरण के प्राप्त आवेदनो की प्रगति की जानकारी लिए और लोगो को नियमितीकरण प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु लम्बित प्रकरणो पर शीध्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टैक्स वसूली काउन्टर में पहुॅचकर उन्होने कर्मचारियो से टैक्स भुगतान की प्रक्रिया को समझा तथा आनलाईन भुगतान की प्रक्रिया को सरलीकृत करने को कहा ताकि नागरिको को घर बैठे टेक्स भुगतान कि.सुविधा मिले।

श्री राठौर ने करो का भुगतान करने के लिए आने वाले नागरिको के लिए बैठने एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वे विवाह पंजीयन काउन्टर में पहुॅचकर विवाह पंजीयन की पुरी प्रक्रिया से अवगत होते हुए जानना चाहा कि अब तक कितने पंजीयन किये जा चुके है। काउन्टर में पदस्थ कर्मचारी ने बताया कि जनवरी माह से अभी तक 400 विवाह पंजीकृत किये जा चुके है । संभागायुक्त ने काऊंटर मे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ योजना के लगे बेनर पोष्टर को नये लगाने के निर्देश दिए। उन्हांेने निगम कार्यालय में स्थापित कैन्टीन को परिसर मे अन्य उचित स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिये श्री राठौर ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक जो अपने कार्य के लिए निगम कार्यालय पहुॅचते है उनके साथ अधिकारी कर्मचारियो का व्यवहार उचित हो ताकि निगम की छवि लोगो के बीच अच्छा रहे। आने वाले नागरिको के लिए पर्याप्त पेयजल, बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही शौचालय की साफ-सफाई नियमित रूप से करने को कहा। ताकि लोगो को स्वच्छ और अच्छा माहौल कार्यालय में मिल सके।




नगर पालिक निगम भिलाई

# सण्डे मार्केट सुपेला को व्यवस्थित करने व्यपारियों का सहयोग आवश्यक-आयुक्त ध्रुव

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक लगने वाले सण्डे मार्केट को व्यवस्थित करने एवं यातायात को सुगम बनाने निगम की टीम मार्केट क्षेत्र में लगातार मुनादी एवं दुकानदारो को समझाईस दे रही है निगम के जोन कार्यालय नेहरू नगर एवं वैशालीनगर की टीम ने शनिवार को मार्केट क्षेत्र में सड़क के दोनो किनारे फिर चुना मार्किग किया और व्यापारियो को समझाईस दिये है कि लाईनिंग के बाहर कोई भी दुकानदार अपने विक्रय वस्तु को प्रदर्शन के लिए न लगाये अपने सामानो को निगम द्वारा आबंटित दुकान के क्षेत्र में रखे इसी प्रकार सड़क पर लगने वाले पसरा, ठेला, खोमचे के फुटकर व्यपारियो से भी कहा है कि कोई भी व्यापार सड़क पर न करे जिससे यातायात प्रभावित हो। निगम द्वारा सण्डे मार्केट क्षेत्र मे इस आशय का मुनादी भी करवाया जा रहा है। रविवार 3 मार्च को भी निगम का राजस्व व स्वास्थ्य अमला, जोन आयुक्त के नेतृत्व में घड़ी चौक से गदा चौक तक दुकान के बाहर फैले सामान तथा सड़क पर लगने वाले ठेले, खोमचे की जाॅच के लिए निकलेगी।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने व्यापारियो से अपील करते हुए कहा है कि निगम द्वारा यातायात को सुगम बनाने एवं मार्केट क्षेत्र को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसमे व्यापारियो का सहयोग आवश्यक है। ताकि जन सामान्य को आवागमन में किसी तरह की कोई असुविधा न हो।



# निगम भिलाई क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

भिलाईनगर/ नारी शक्ति वदंन के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भिलाई निगम क्षेत्र में 6 स्थानों पर किया गया। जिनमें जनप्रतिनिधि, महिला समूह एवं आम नागरिकगण उपस्थित रहे।

भिलाई जोन-2 के शकुन्तला विद्यालय आडिटोरियम में विधायक रिकेश सेन ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। इसी प्रकार सुपेला शिव मंदिर कांजी हाउस, अम्बेडकर भवन केम्प क्षेत्र, सामुदायिक भवन खुर्सीपार, गणेश मंच सेक्टर-2 एवं गुंडिचा मंच सेक्टर-10 में भिलाई जिला भा.ज.पा. अध्यक्ष महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद स्मिता दोडके, विधायक प्रतिनिधि शैलेश सिंह, पार्षद विनोद सिंह, श्याम सुन्दर राव, ईश्वरी नेताम, मनीष पाण्डेय, तुलसी साहू, अमित मिश्रा, विजय जायसवाल, आर.बी.सिंह, विजय शुक्ला, सरला आर्चाय, गीता विश्वकर्मा, जयशंकर चौधरी, श्रीनिवास राव, बसंत प्रधान की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में तथा भिलाई में विधायक रिकेश सेन ने सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इतिहास है कि नारी शक्ति का कार्यक्रम देश के 19 हजार स्थानो में एक साथ आयोजित किया गया है। महिलाओं का सम्मान हमारे देश में आदिकाल से होता रहा है हम परम्परा को हम पोषित कर रहे है।

कार्यक्रम में महिला समूह के सदस्य, नागरिकगण, जनप्रतिनिधि तथा निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।



# गंभीर बिमारियां से बचाव व रोकथाम के लिए कार्यशाला

भिलाईनगर/ राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत डेंगू ,मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ठ , टी.बी.रोग तथा जलजनित बिमारियों के रोकथाम के लिए समन्वय एवं आने वाली बाधा को दूर करने में पार्षद व जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय पर निगम के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला मे महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी ,केशव चौबे, लाल चंद वर्मा, नेहा साहू, मीरा बंजारे, जोन अध्यक्ष भुपेन्द्र यादव, राजेश चौधरी, पार्षद सुरेश वर्मा,के.जगदीश कुमार,ईश्वरी नेताम,शकुंतला साहू,सरिता देवी, नोमिन साहू, गिरिजा बंछोर, डी.सुजाता, साथ ही डां. पियोम ,तुषार वर्मा, लक्की दुबे, मितानिन आदि उपस्थित थे




नगर पालिक निगम भिलाई

# नाली के उपर बने शौचालय को निगम ने ढहाया

भिलाईनगर/नाली के उपर स्लैब डालकर अवैध रूप से निर्मित शौचालय को जोन-4 का राजस्व अमला मजिस्ट्रेट, पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में निर्माण को बेदखल किया।

भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अवैध निर्माण पर कार्रवाई किया गया। बता दें कि जोन-4 शिवाजी नगर वार्ड 42 गौतम नगर के गली नं. 5 में निवास करने वाले ओमप्रकाश चौधरी, ब्रिजेश गुप्ता एवं अन्य लोगो के द्वारा नाली के उपर स्लैब डालकर शौचालय का निर्माण किया गया था। उक्त अवैध निर्माण के कारण निगम के स्वास्थ अमले को नाली की गहराई से सफाई करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा द्वारा अवैध कब्जाधारियो को नोटिस देकर स्वयं से कब्जा हटा लेने को कहा गया था, किन्तु अवैध कब्जाधारियो द्वारा कब्जा नहीं हटाने पर तथा नोटिस की मियाद समाप्त होते ही जोन का राजस्व अमला जिला प्रशासन के प्रतिनिधि तहसीलदार, पंचभाई गुरूदत्त, सहायक अभियंता प्रिया खैरवार, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, खुर्सीपार थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुॅचे और नाली के उपर किये गये अवैध शौचालय निर्माण को जे.सी.बी. से ध्वस्त किया ।

निगम प्रशासन ने कहा है कि सफाई एवं यातायात मे बाधा उत्पन्न करने वाले अवैध निर्माण तथा कब्जो पर लगातार कार्यवाही किया जाना है ताकि सफाई कार्य तथा नागरिको को आवागमन में कोई असुविधा न हो।

कार्यवाही के दौरान के.के.शर्मा, मंतराम यादव, तोड़फोड़ दस्ता के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## नगर पालिक निगम भिलाई

# नाली में कचरा फेंकने वालो के विरूद्व होगी कार्यवाही

भिलाईनगर। नाली में कचरा डालकर जाम करने वाले के विरूद्व निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी। नाली के उपर किये गये अतिक्रमण को चिन्हित कर बेदखली की कार्यवाही करें ताकि पानी जाम की स्थिति न रहे और डेंगू मलेरिया जैसे बिमारियो से बचा जा सके।

निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जोन अपने क्षेत्र के नालियो के चोक प्वांइट को चिन्हित कर सफाई करें ताकि पानी जाम न रहे। नालियो की सफाई होने के बाद नाली में कचरा फेंककर जाम करने वाले के विरूद्व जुर्माने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार नाली के उपर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण पाये जाने पर उसे तत्काल बेदखल करे, ताकि नालियो की गहराई से सफाई हो सके और जलजनित बिमारियो की आशंका से बचा जा सके। मच्छरों को रोकथाम के लिए क्षेत्र में दवा का छिड़काव हो।

आगामी ग्रीष्म ऋतु में लोगो को पर्याप्त पीने का पानी मिले इसके लिए आवश्यक है कि पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये गये पाईप लाईन का सभी जोन आयुक्त जाॅच कर लिकेज पाये जाने की स्थिति में सुधारण कार्य पूर्ण करवा लें ताकि आखरी छोर तक पानी पहुंचे। जिस किसी भी क्षेत्र के पेयजल की जाॅच के दौरान पानी दुषित पाया जाता है तो वहाॅ तत्काल आवश्यक उपचार कर पानी को पीने योग्य बनाये। स्वास्थ्य विभाग मितानीनो के साथ मिलकर मोहल्लो मे सर्वे करके यह सुनिश्चित कर ले की वहाॅ डायरिया, डेंगू जैसे बिमारी का प्रभाव तो नही हो रहा है एवं इसके मरीज पाये जाने पर तत्काल उपचार किया जाये।

आयुक्त ने गर्मी के दिनो में निगम क्षेत्र से पेयजल संबंधी शिकायत को दर्ज करने निगम मुख्य कार्यालय में हेल्प डेस्क की स्थापना किये है। जिसका दुरभाष क्रमांक-07882294303 है। जिनमें सम्पर्क कर नागरिक अपनी पेयजल संबंधी शिकायत दर्ज करवा सकते है।



# खुर्सीपार क्षेत्र के सीवर लाईन, चेम्बर निर्माण कार्य का रास्ता खुला

भिलाईनगर/ खुर्सीपार के बरसो पुराने सीवरेज लाईन एवं चेम्बर निर्माण कार्य की स्वीकृति सहित भिलाई के विभिन्न खेल मैदानों के संधारण, संचालन एवं रखखाव के लिए रूचि की अभिव्यक्ति बुलाये जाने तथा स्वच्छता श्रृंगार योजनांतर्गत सामुदायिक शौचालय के रख रखाव एवं संचालन कार्य के अवधि में वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव को भिलाई निगम के महापौर परिषद ने दी स्वीकृति।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में सीवर लाईन एवं चेम्बर निर्माण कार्य लागत राशि 7 करोड 29 लाख 90 हजार कुल तीन भाग मे कार्य कराये जाने हेतु सदस्यो ने विस्तृत चर्चा कर सीवरेज जैसे जनहितकारी अतिआवश्यक कार्य को ध्यान में रखते हुए कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार केम्प-2 तालाब सौंदर्यीकरण अंतर्गत रिटेनिंग वाॅल, उद्यान विकास, विद्युत व्यवस्था के साथ तालाब का सिल्ट , मलबा सफाई एवं परिवहन जन सहभागिता से कराये जाने के प्रस्ताव पर विचार पश्चात निविदा के माध्यम से विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आगामी बैठक में पुनः प्रस्तुत किये जाने की अनुशंसा की गई है। निगम के सभी जोन क्षेत्र में संचालित सामुदायिक शौचालय के रखरखाव एवं संचालन शासन के स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत वर्तमान एन.जी.ओ. एवं स्व सहायता समूह के कार्यो के गुण-दोष के आधार पर समय वृद्धि किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बैठक में हाउसिंग बोर्ड काली बाड़ी चौक से भगवा चौक के सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु ट्रांसफार्मर एवं विद्युत पोल को हटाये जाने, जोन-2 के अंतर्गत शांति नगर दशहरा मैदान, जवाहर नगर स्पोर्टस काम्पलेक्स,

हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान तथा जोन-3 के सेक्टर 2 फूटबाल मैदान का संचालन, संधारण एवं रखरखाव हेतु संस्था से रूचि की झअभिव्यक्ति मंगवाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।



# निगम भिलाई एवं रिसाली के चिन्हित क्षेत्र में 21 मार्च को प्रभावित होगा पेयजल आपूर्ति

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के 800 एम.एम.डाया के राइजिंग मेन पाइप लाईन में हुए लिकेज को संधारण कार्य किये जाने के कारण 21 मार्च को निगम भिलाई एवं निगम रिसाली के आंशिक क्षेत्र में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा।

जल कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की भिलाई निगम के 66 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट से निगम भिलाई तथा रिसाली के कुछ क्षेत्रो में पेयजल कि आपूर्ति किया जाता है। 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के 800 एम.एम.डाया राइजिंग पाइप लाईन लिकेज हो जाने के कारण उसका संधारण कार्य 20 मार्च को किया जायेगा। जिसके परिणाम स्वरूप शड्डाउन लेने पर पानी टंकी में जल भराव का कार्य नहीं होने के कारण नेहरू नगर, स्मृति नगर, खम्हरिया, स्लाटर हाउस एवं फरीद नगर उसी प्रकार रिसाली निगम क्षेत्र रिसाली, रूआबांधा, नेवई तथा मरोदा क्षेत्र में 21 मार्च को पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगा।

निगम प्रशासन ने चिन्हित क्षेत्र के नागरिको से अपील किया है कि 20 मार्च को अपने घरो में पेयजल तथा निस्तारी हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी संग्रहित कर रख लेवें निगम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में व्यकल्पिक व्यवस्था भी मांग के आधार पर सुनिश्चित करेगा।

पेयजल की समस्या के लिए -हेल्प लाईन नम्बर

भिलाई निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निदान के लिए मुख्य कार्यालय सुपेला में हेल्प डेस्क की स्थापना किया है। जिसका दुरभाष क्रमांक- 07882294303 है। जिनमें सम्पर्क कर नागरिक अपनी पेयजल संबंधी शिकायत दर्ज करवा सकते है।



# गर्मी में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो-आयुक्त

भिलाईनगर/वित्तीय वर्ष समाप्ति के इन चार दिनो में 31 मार्च तक निगम क्षेत्र के भवन मालिको के बड़े करदाता जिनका संपत्तिकर की राशि लम्बे समय से बकाया है, उस राशि की वसूली के लिए जोन आयुक्त अपने राजस्व अमले के साथ बकायादारो से सम्पर्क कर वसूली करें। ग्रीष्मऋतु में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहे नागरिको को कठिनाईयो का सामना न करना पड़ें। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केन्द्रो में आवश्यक संधारण कार्य कर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, सिढ़ी की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें, ताकि नागरिक सुविधाजनक ढंग से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारियो से कहा कि निगम के करो की वसूली के लिए एजेंसी नियुक्त किये गये है इसके अतिरिक्त निगम के करो की ऐसी राशि जो लम्बे समय से वसूली नहीं किये जा सके है उनकी सूची सभी जोन को दिया गया है जोन आयुक्त अपने राजस्व अमले के साथ वित्तीय वर्ष समाप्ति 31 मार्च के पूर्व बड़े बकायादारो से सम्पर्क कर राशि की वसूली करें तथा टैक्स नहीं पटाने वालो के विरूद्व कुर्की वारंट जारी किये जाने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। राजस्व करो की वसूली शत् प्रतिशत हो।




**Editorial Board**

श्री देवेश कुमार ध्रुव
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री शरद दुबे
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई